श्री बंशीधर नगर, सोमवार
02.03.2026
फाल्गुन शुक्लपक्ष चतुर्दशी संवत 2082
वर्ष : 04, अंक : 193

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:22 बजे
अस्त - 05:56 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
आमिर ने जीता तीन गोल्ड >> पेज 03 'द केरला स्टोरी- गोज बियॉन्ड... >> पेज 05

**सुविचार**

एक हीरो किसी आम आदमी से ज्यादा बहादुर नहीं होता, लेकिन वह पांच मिनट तक ज्यादा बहादुर रहता है।

**न्यूज अपडेट्स**

### आईईडी विस्फोट में सहायक कमांडेंट और हेड कांस्टेबल घायल, भेजे गये दिल्ली

रांची। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में रविवार तड़के सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित माओवादी संगठन भाकपा (माओवादी) के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट समेत तीन जवान घायल हो गए। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से रांची लाकर राज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता माइकल राज एस ने बताया कि मुठभेड़ में घायल हुए कोबरा के हेड कांस्टेबल और आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए असिस्टेंट कमांडेंट को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है। दोनों को बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजा गया है। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला में सारंडा के घने जंगलों में रविवार तड़के सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। मिली जानकारी की अनुसार छोटानागरा और जराईकेला थाना क्षेत्र में सुबह करीब पांच बजे शुरू हुए कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान सबसे पहले नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया। इसमें कोबरा के असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक घायल हो गए। आनन-फानन में असिस्टेंट कमांडेंट को बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया।

**युद्ध** ▶ **हमले में खामेनेई की बेटी, पोता, बहू और दामाद भी मारे गए**

# अमेरिका-इजराइल हमले में खामेनेई की मौत, संकट गहराया

**तेहरान/तेल अवीव/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले में ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्लाह खामेनेई की मौत से पूरी दुनिया में हलचल मच गई है। हमले में खामेनेई के साथ ईरान के रक्षा मंत्री और रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख की मौत दुनिया भर में मिश्रित प्रतिक्रिया हुई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई को महान नेता बताते हुए कहा कि खामेनेई की हत्या करने वालों ने मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन किया है। चीन ने इस कृत्य को नामंजूर बताया। इस घटनाक्रम के बीच अयातुल्ला अलीरेजा को ईरान का अंतरिम सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। हमले के दूसरे दिन भी दोनों पक्षों के बीच तनाव कम होता नहीं दिख रहा। ईरान की पलटवार की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा किया गया तो ऐसा हमला किया जाएगा जो पहले कभी नहीं देखा गया। अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। रविवार सुबह ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने कहा कि इस हमले में खामेनेई की शहादत हो गई। हमले में खामेनेई की बेटी, पोता, बहू और दामाद भी मारे गए हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने हमले में मारे गए ईरान के सैन्य अधिकारियों की पहचान उजागर की है। इनमें सर्वोच्च सैन्य अधिकारी अली शमखानी और आईआरजीसी के कमांडर मोहम्मद पाकपुर प्रमुख हैं। आईडीएफ ने कहा कि हमले में ईरान के मिलिट्री इमरजेंसी हेडक्वार्टर में इंटेलिजेंस के चीफ सलाह असदी और प्रमुख सैन्य अफसर मोहम्मद शिराजी की भी मौत हो गई है। खामेनेई की मौत पर 40 दिनों का राजकीय शोक और सात दिनों का सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद ईरान के पहले सर्वोच्च नेता बने आयतुल्लाह खुमैनी के साल 1989 में निधन के बाद अयातुल्लाह अली खामेनेई को देश का दूसरा सर्वोच्च नेता चुना गया। 28 फरवरी, 2026 को अपनी मौत तक साढ़े 36 साल तक उन्होंने इस पद को संभाला।



### ट्रंप ने दी खामेनेई की मौत की खबर

इससे पहले शनिवार रात हमले में खामेनेई की मौत की खबर सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर देते हुए लिखा, ₹इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक खामेनेई मर गया है।₹ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि जब तक ईरान में शांति स्थापित नहीं हो जाती, तब हमला जारी रहेगा।

### अभी सैन्य कार्रवाई होगी : इजराइल

हमले में खामेनेई की मौत संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान से कुछ घंटे पहले ही इजराइली और अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया था कि हमले में खामेनेई मारे गए हैं। इजराइल ने कहा कि अमेरिका के साथ संयुक्त सैन्य अभियान के शुरूआती हमलों में लक्षित किए गए 30 प्रमुख नेताओं में से कई मारे गए। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई तब तक चलेगी जब तक ईरान के लोग आजाद नहीं हो जाते। इस बीच इजराइल का एयरस्पेस बंद कर दिया गया है।

### संयुक्त राष्ट्रसंघ और सुरक्षा परिषद् को पत्र लिखकर अवगत कराया

ईरान के विदेशमंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव और और संयुक्त राष्ट्रसंघ सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले से अवगत कराया है। अराघची ने कहा कि इस हमले के जवाब में इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान यूनाइटेड नेशंस के चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत सेल्फ-डिफेंस के अपने अंदरूनी और कानूनी अधिकार का इस्तेमाल कर रहा है।

### इजराइल को बदला लेने का अधिकार : पेजेश्कियन

इजराइल-अमेरिकी हमले में अपने सर्वोच्च नेता की मौत के बाद ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि हमें बदला लेने का पूरा अधिकार है। यह मुसलमानों के खिलाफ युद्ध की घोषणा है। खामेनेई की हत्या इस्लामी देशों के लिए परीक्षा की घड़ी है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि ईरान इस्लामिक रिपब्लिक के इतिहास का सबसे खतरनाक हमला शुरू करने जा रहा है। ईरान की बदले की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा-ईरान ने कहा है कि वे आज बहुत जोरदार हमला करेंगे, इतना जोरदार जितना उन्होंने पहले कभी नहीं किया लेकिन बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें क्योंकि अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर ऐसा जोरदार हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखा गया।

### ईरान की तरफ से कई जगहों पर हमले

खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के मारे जाने के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई पर हवाई हमला किया। इस हमले में जेबेल अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कतर के दोहा में भी ऐसे ही धमाके हुए हैं। उधर, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने रविवार दोपहर पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर स्काईलाइट पर हमला किया। यह हमला उस वक्त किया गया, जब तेल टैंकर स्काईलाइट ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था। इस दौरान जहाज पर सभी 20 क्रू मेंबर्स को निकाल लिया गया, जिनमें 15 भारतीय नागरिक और 5 ईरानी नागरिक शामिल थे। क्रू के चार मेंबर्स को चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए ले जाया गया है।

### इजराइल का ईरान पर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाने का आरोप

इजराइल ने ईरान पर बैलिस्टिक मिसाइल हमलों में जानबूझकर नागरिकों को निशाना बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। इजराइल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओरेन मार्मोरस्टीन ने रविवार को कहा कि ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिर रही हैं, जिसे उन्होंने ह्युद्ध अपराधह्व करार दिया। प्रवक्ता ने कहा कि हमले के स्पष्ट संकेत बताते हैं कि लक्ष्य कोई सैन्य प्रतिष्ठान नहीं,बल्कि नागरिक इलाका था। उन्होंने दावा किया कि हमले में बच्चे, बुजुर्ग और विदेशी नागरिक प्रभावित हुए हैं। मॉर्मरस्टीन ने कहा कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बना रही है, जबकि ईरान नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजराइल का विवाद ईरानी जनता से नहीं,बल्कि तेहरान के शासक तंत्र से है।

### अलीरेजा बने सर्वोच्च नेता

खामेनेई की मौत के बाद अयातुल्ला अलीरेजा को ईरान का अंतरिम सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। अलीरेजा अभी गार्डियन काउंसिल के सदस्य हैं। वे राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और मुख्य न्यायाधीश के साथ मिलकर तब तक देश का कार्यभार संभालेंगे जब तक 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' नए स्थाई सर्वोच्च नेता का चुनाव नहीं कर लेती।

### दुनिया भर में प्रतिक्रिया

खामेनेई की मौत के मुद्दे पर रूस और चीन ने ईरान के साथ एकजुटता दिखाते हुए इसे अस्वीकार्य ठहराया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई को महान नेता करार देते हुए ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बातचीत की। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि खामेनेई की हत्या करने वालों ने मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के मानदंडों का उल्लंघन किया है। चीन ने कहा कि वार्ता के दौरान अमेरिका और इजराइल का हमला गलत है। चीन ने इस कृत्य को नामंजूर बताया। ईरान पर अमेरिका-इजराइल हमले के विरोध में पाकिस्तान के कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर उपद्रव कर रही प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।

**ईडन गार्डन्स में रचा सबसे बड़े रन चेज का विश्व रिकॉर्ड**

# भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

**कोलकाता।** भारतीय टीम ने रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बाद भारत अंतिम चार में पहुंचने वाली चौथी और आखिरी टीम बन गया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में छठी बार है जब भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 195 रन बनाए। जवाब में भारत ने 4 गेंद शेष रहते 196 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इसके साथ ही टीम इंडिया ने ईडन गार्डन्स में टी20 में सबसे बड़े सफल रन चेज का विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले यहां 158 रन का सबसे बड़ा चेज दर्ज था, जो भारत ने ही वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था।




### सैमसन की ऐतिहासिक पारी

जब कप्तान सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन सस्ते में आउट हो गए, तब संजू सैमसन ने जिम्मेदारी संभाली। सैमसन ने 97 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उन्होंने शुरूआत से अंत तक क्रीज पर टिके रहकर टीम को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा ने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलकर सहयोग दिया, मगर असली हीरो सैमसन ही रहे।

### शिवम दुबे के दो चौकों ने पलटा मैच

आखिरी दो ओवरों में भारत को 17 रन की जरूरत थी। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्दिक पांड्या 17 रन बनाकर आउट हो गए, जिससे दबाव बढ़ गया। इसी बीच शिवम दुबे ने क्रीज पर आते ही तीन गेंदों के भीतर दो चौके जड़ दिए। इन दो शॉट्स ने मैच का रुख बदल दिया और सैमसन पर से दबाव कम कर दिया। आखिरकार भारत ने लक्ष्य हासिल कर न सिर्फ सेमीफाइनल में जगह बनाई, बल्कि ईडन गार्डन्स में टी20 इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज भी दर्ज कर लिया।

## झारखंड में तापमान पहुंचा 36 डिग्री, अभी और बढ़ेगा पारा

रांची। राज्य भर में अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके कारण दिन में लोगों को गर्मी महसूस होने लगी है। हालांकि रांची सहित कई जिलों में अभी भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है। रविवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और जमशेदपुर में 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं बोकारो में भी तापमान बढ़कर 34.1 डिग्री के स्तर पर पहुंच गया है। इधर, राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री, लातेहार में 26.3 डिग्री और लोहरदगा में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और मध्यम गति की हवा चली। इससे दिन में गर्मी का एहसास नहीं हुआ। वहीं दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे। वहीं, रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और 16.4 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।




# रांची में देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर संचालित देह व्यापार रैकेट के खिलाफ पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए कई थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पांच युवतियों और तीन युवकों समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को जानकारी मिली थी कि राजधानी के लालपुर, चुटिया सहित विभिन्न इलाकों में संगठित तरीके से देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है। सूचना के अनुसार रैकेट में दो दर्जन से अधिक युवतियां शामिल थीं, जिन्हें होटलों और किराए के मकानों में रखकर अवैध गतिविधियां कराई जा रही थीं। सूचना की पुष्टि के बाद एसएसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें रैकेट से जुड़े लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार युवतियों में अधिकांश रांची और कोलकाता की रहने वाली हैं। छापेमारी के दौरान ग्राहकों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में रैकेट संचालित करने वाली महिला सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि महिला सरगना पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से युवतियों को बुलाकर रांची में देह व्यापार का नेटवर्क चला रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपित महिला का पूर्व आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह पहले भी जेल जा चुकी है। फिलहाल सभी गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है तथा रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज अपडेट्स

### ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम, प्रेम और पवित्रता का संदेश

**रांची।** होली पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चौधरी बागान हरमू स्थित स्थानीय सेवा केंद्र में रविवार को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन ने कहा कि होली का पर्व हमें पुरानी बातों और मनमुटाव को भुलाकर नई शुरूआत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ह्लजो बीत गई वह बात गईह्व के संदेश के साथ होली क्षमा, प्रेम और सकारात्मक जीवन दृष्टि अपनाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सच्चे अर्थों में होली आत्मा को शांति, प्रेम और पवित्रता के रंगों में रंगने का पर्व है। अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पवित्रता ही जीवन परिवर्तन का मूल आधार है, जिससे व्यक्ति के विचार और व्यवहार दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। डॉ. आशीष भगत ने कहा कि भारतीय त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मिक जागरण और आंतरिक परिवर्तन का माध्यम हैं। वहीं अमित अग्रवाल और सुनील गुप्ता ने होली को आंतरिक विकारों को त्यागकर दिव्य गुणों को अपनाने का प्रतीक बताया।

## सम्मेलन ▶ संघ के शताब्दी वर्ष पर रांची में विराट हिंदू सम्मेलन

# समाज को संगठित कर रहा है संघ : राजू दास

**रांची।** अयोध्या के हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास ने कहा कि पिछले 100 वर्षों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने समाज को संगठित करने, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने का निरंतर प्रयास किया है। उन्होंने प्रश्न रखा कि देश सुरक्षित कैसे रहे, आने वाली पीढ़ियां अपनी पहचान और परंपरा से जुड़ी कैसे रहें और भारत पुनः किस प्रकार की दासता का शिकार न हो–इन सभी विषयों पर संघ ने निरंतर चिंतन और कार्य किया है। दास रविवार को रांची के चुटिया स्थित श्री राम मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए हुए दीर्घकालिक संघर्ष और लाखों रामभक्तों के त्याग और बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल मंदिर निर्माण का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक संघर्षों की स्मृति हमें संगठित रहने और अपनी आस्था व परंपराओं की रक्षा करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर देश के लगभग एक लाख गांवों में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें करोड़ों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।



### हिंदू समाज जाना जाता है अपनी उदारता के लिए : आलोक

मौके पर संघ के सह-सरकार्यवाह आलोक ने संगठन की शक्ति और एकता के महत्व को महाभारत के प्रसंग के माध्यम से स्पष्ट किया। उन्होंने देवताओं और असुरों के युद्ध की कथा का उदाहरण देते हुए कहा कि बिखराव पराजय का कारण बनता है, जबकि एकता विजय का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि जब लोग साथ चलते और साथ बोलते हैं, तो उनके मन भी एक हो जाते हैं और यही एकता किसी भी चुनौती का सामना करने की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज अपनी विविधता और उदारता के लिए जाना जाता है। अलग-अलग उपासना पद्धतियां, देवी-देवताओं के प्रति अलग-अलग आस्थाएं और विभिन्न परंपराएं हमारी सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक हैं, लेकिन समय-समय पर एक नाम और एक उद्देश्य के लिए संगठित होना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए छुआछूत की भावना समाप्त करने का आह्वान किया। संत रविदास, मीराबाई और महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में जन्म नहीं, बल्कि कर्म और भक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने पंच परिवर्तन की अवधारणा को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना और नागरिक कर्तव्य का पालन–ये सभी परिवर्तन आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि परिवार भारतीय समाज की मूल इकाई है और परिवार में संवाद, संस्कार एवं सामूहिकता की परंपरा को पुनर्जीवित करना समय की आवश्यकता है। भारत ने अनेक आक्रमणों और चुनौतियों के बावजूद अपनी सांस्कृतिक पहचान को इसलिए सुरक्षित रखा क्योंकि परिवारों ने अपने मूल्यों को जीवित रखा।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को लेकर रांची की बदलती पर्यावरणीय स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि जो शहर कभी स्वच्छ वातावरण के लिए प्रसिद्ध था, वहां आज वायु गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच रही है। इसे संतुलित करने के लिए सामूहिक जागरूकता और प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही उन्होंने संविधान के अनुरूप नागरिक कर्तव्यों के पालन, सामाजिक सद्भाव और सकारात्मक आचरण को समाज की प्रगति का आधार बताया।

कार्यकम मे बच्चों की ओर से रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और लव जेहाद पर प्रस्तुत की गई लघु नाटिका आकर्षण का केंद्र रही। सम्मेलन में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभाव को सुदृढ़ करना बताया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ चुटिया स्थित राममंदिर के प्रांगन से कलश यात्रा निकली गयी। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस शोभा यात्रा में हनुमान गाढ़ी में महंत और राम मंदिर के महंत जी को रथ पर बिठाकर कार्यक्रम स्थल तक गाजे बजे के साथ लाया गया। कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

वहीं प्रारंभिक संबोधन में श्री राम मंदिर, चुटिया के महंत ने कहा कि सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह केवल संख्या नहीं, बल्कि जागृत और संगठित समाज की प्रतीक शक्ति है। उन्होंने कहा कि साथ चलना, साथ बोलना और एक लक्ष्य के लिए संगठित होना ही समाज की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सनातन समाज को संगठित करने की आवश्यकता पहले से अधिक है और ऐसे सम्मेलन समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं।

सम्मेलन में संत समाज के प्रतिनिधियों, मातृ शक्ति, गायत्री परिवार, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, मंदा पूजा समिति चुटिया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक कार्यकताओं और पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

### झारखंड की जूनियर पुरुष-महिला हॉकी टीमों के चयन के लिए रांची में आयोजित किए जाएंगे ट्रायल



**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 तथा हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2026 में भागीदारी के लिए झारखंड की सब-जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। खिलाड़ियों के चयन के लिए 15 मार्च (रविवार) को रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। हॉकी झारखंड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 01 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन रांची में किया जाएगा, जबकि पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। हॉकी संघ के अनुसार, महिला वर्ग का चयन ट्रायल 15 मार्च को पूर्वाह्न 09 :30 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि पुरुष वर्ग का ट्रायल पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2010 या उसके बाद की हो। आयु सत्यापन के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड तथा नगर निगम या ग्राम पंचायत की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य किया गया है। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने बताया कि चयन ट्रायल को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों के खेल पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### होली व रामनवमी से पहले रांची में उत्पाद विभाग की कार्रवाई, नकली विदेशी शराब सहित 8 गिरफ्तार

**रांची।** होली और रामनवमी पर्व को लेकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध एवं नकली शराब बरामद की तथा आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विधानसभा थाना क्षेत्र के महुआ टोली एवं डहु टोली, नगड़ी थाना अंतर्गत गागी टोली और सेम्बो तथा बेड़ों थाना क्षेत्र के इटा चिनरी गांव में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान इटा चिनरी से 09 पेटी में कुल 290 पीस यानी 73.65 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब, बियर, अवैध चुलाई शराब तथा जावा महुआ जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल सात अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में संजीत मिंज, पिंटू बाड़ू, अनिल लिंडा, सुनील उरांव, अजय कुजूर, रौशन केरकेट्टा, राजू कच्छप एवं निखिल तिर्की शामिल हैं।

## प्रभात तारा मैदान में वृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी अधिकार महारैली, शीतल ने कहा

# कुड़मी ने लड़कर लिया झारखंड, अब फिर संघर्ष कर लेगा अधिकार

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ (प्रभात तारा) मैदान में रविवार को वृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन किया गया। महारैली की अध्यक्षता समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र महतो एवं सखीचंद महतो ने संयुक्त रूप से किया। रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल हुए। महारैली में वक्ताओं ने कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान देने की लंबित मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी समाज पिछले 75 वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और अब अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए पुनः आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि छह सितंबर 1950 के निर्णय के बाद कुड़मी समाज को जनजातीय अधिकारों से वंचित कर पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया। ओहदार ने कहा कि ब्रिटिश काल की जनगणनाओं में कुड़मियों को जनजातीय श्रेणियों में शामिल किया गया था, लेकिन आजादी के बाद उन्हें इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्रों में निवास करने के कारण समाज को अधिकारों से दूर रखा गया। पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कुड़मी समाज को शीघ्र एसटी सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो पूरे झारखंड में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। शिक्षाविद डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि कुड़मी समाज लंबे समय से संवैधानिक अधिकारों से वंचित है। उन्होंने आगामी जनगणना में जाति के रूप में कुड़मी और भाषा के रूप में कुड़माली दर्ज कराने का आह्वान किया। भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी के कारण कुड़मी समाज अब भी पिछड़ेपन का सामना कर रहा है। उन्होंने समाज से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और राजनीतिक रूप से संगठित होने की अपील की। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भी आरक्षण व्यवस्था का सबसे अधिक प्रभाव कुड़मी समाज पर पड़ा है, जिससे युवाओं में बेरोजगारी बढ़ी है और सरकारी सेवाओं में समाज की भागीदारी सीमित रह गई है। कुड़मी समाज की महिला अध्यक्ष सुषमा महतो ने कहा कि समाज की पारंपरिक बाईसी प्रथा आज भी सामाजिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करना आवश्यक है।



महारैली में कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें आगामी जनगणना में कुड़मी जाति एवं कुड़माली भाषा दर्ज कराने, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने, युवाओं को उन्नत कृषि एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मार्गदर्शन के लिए नियमित कार्यक्रम चलाने का निर्णय शामिल है।

# होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाने के लिये शांति समिति बैठक



बंशीधर न्यूज

**रमना :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रमना थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ विकास कुमार पांडेय ने की। जबकि संचालन समाजसेवी रामचंद्र राम ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने जानकारी दी कि प्रखंड के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान लगातार गश्त पर रहेंगे। विशेष रूप से हुड़दंग मचाने वालों, नशे की हालत में उत्पात करने वालों तथा जबरन रंग लगाने जैसे कृत्यों पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया पर भी सख्त रुख अपनाते हुये कहा कि अफवाह फैलाने, भ्रामक पोस्ट साझा करने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बीडीओ ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इसे मिल-जुलकर और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुये मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और आमजन के सहयोग से ही त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकता है। बैठक में एसआई जयप्रकाश गुप्ता, आशीष जायसवाल, आलोक कुमार, ओम प्रकाश, एएसआई राकेश सिंह, अवधेश उपाध्याय, अमरेश यादव, विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विशेश्वर मेहता, बिरंचि पासवान, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सीता देवी सहित कई अन्य मौजूद थे।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष साधना देवीका निकला विजय जुलूस



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष साधना देवी के निर्वाचित होने पर रविवार को सभी प्रतिनिधियों के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरूआत गोसाईबाग से हुई, जहां से सैकड़ों समर्थक ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर उत्साह के साथ थिरकते रहे। पूरे मार्ग में पटाखों की गूंज और रंग-गुलाल के बीच समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया। जुलूस के दौरान कार्यकर्ता नाच-गाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे। समर्थक एक-दूसरे को रंग और अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दे रहे थे। जुलूस गोसाईबाग से लेकर जंगीपुर मोड़ तक निकाली गई। जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं के साथ साधना देवी का स्वागत किया। जिससे शहर का माहौल पूरी तरह उत्सवमय बना रहा। उस मौके पर साधना देवी ने सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह जीत जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिये प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जायेगा। विजय जुलूस में साधना देवी के पति रवि प्रकाश उर्फ बबलू, समाजसेवी कामेश्वर प्रसाद, बबलू जायसवाल, अशोक कुमार, सागर सहित बड़ी संख्या में समर्थक शामिल थे। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुये पुनः निर्धारित स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद नजर आया।

## न्यूज अपडेट्स

### ससुराल आये युवक की संदिग्ध मौत, जांच शुरू

**विश्रामपुर :** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 स्थित दलित टोला में रविवार को एक 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक की पहचान कारण चंद्रवंशी के रूप में हुई है। मृतक गढ़वा जिले के विशुनपुरा का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वह इन दिनों विश्रामपुर अपने ससुराल आया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही विश्रामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। इधर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

## श्री बंशीधर नगर ▶ युवा साइकिलिस्ट ने बढ़ाया जिले व राज्य का नाम

# आमिर ने जीता तीन गोल्ड

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** गढ़वा जिला से खेल जगत के लिये गर्व की खबर सामने आई है। श्री बंशीधर नगर के युवा साइकिलिस्ट आमिर रियाज ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुये तीन गोल्ड मेडल अपने नाम कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से श्री बंशीधर नगर सहित पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। श्री बंशीधर नगर के बजरंग बली मोड़ पर आमिर रियाज के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा कि आमिर ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं।

सम्मान समारोह के बाद नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों ने पटाखे फोड़कर और फूल-मालाओं के साथ आमिर का जोरदार स्वागत किया। जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला। ताहिर अंसारी ने कहा कि आमिर की सफलता पूरे गढ़वा जिले के लिये प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा ताकि वे राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें। वहीं आमिर रियाज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच एवं नगरवासियों के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। आमिर ने बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना है और इसके लिये वे लगातार मेहनत करते रहेंगे। उस मौके पर नपं अध्यक्ष पति रवि प्रकाश उर्फ बबलू, तस्लीम खान सीनियर, सदर तौहिद खान, महमूद आलम सीनियर, वार्ड पार्षद शकिल अहमद, हैदर खान, आमिन खान, इकबाल खान, शोएब आलम, सद्दाम आलम, आमिर सुभानी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## होली पर नवोदित रचनाकारों को समर्पित काव्यानुरागी कार्यक्रम




**गढ़वा :** होली के पावन एवं उल्लासमय अवसर पर नवोदित रचनाकारों को समर्पित काव्यानुरागी कार्यक्रम का आयोजन नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के तत्वावधान में किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवा एवं प्रतिभाशाली रचनाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से माहौल को काव्यमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं रंगों की सांस्कृतिक छटा के साथ हुआ।मौके पर मुख्य अतिथि डॉ टी पीयूष ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि बुराई पर अच्छाई की विजय, सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने आधुनिक समय में त्योहारों की बदलती परंपराओं पर चिंता जताते हुये कहा कि हमें होली की सांस्कृतिक गरिमा और नैतिक मयार्दाओं को बनाये रखना चाहिये। प्रमोद कुमार ने काव्यानुरागी मंच का विस्तृत परिचय देते हुये कहा कि यह मंच नवोदित रचनाकारों को अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करने का सशक्त अवसर प्रदान करता है। उन्होंने साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुये कहा कि ऐसे आयोजन नवचेतना के संवाहक होते हैं। इस दौरान जयपूर्णा विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार, डॉ टी पीयूष, राजीव रंजन तिवारी, परशुराम आदि की प्रस्तुति से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन मंच के निदेशक नीरज श्रीधर ने किया। मौके पर प्रदीप कुमार, अनिल सोनी, सरिता देवी, समीर कुमार आदि उपस्थित थे।

# रंगों का पर्व होली शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण मनाने पर जोर

बंशीधर न्यूज



**रंका :** अनुमंडल मुख्यालय रंका में आगामी रंगों के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक की गई। बैठक एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, सीओ शिवपूजन तिवारी एवं थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी के संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुये एसडीपीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार के जमीन विवाद, पटाखों की अवैध बिक्री एवं अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यातायात नियमों के पालन पर भी जोर देते हुये निर्देश दिया कि एक बाईक पर दो से अधिक लोग सवारी न करें और सभी यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। सीओ ने कहा कि रंगों का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। इसे हुड़दंग और अशांति से दूर रखते हुये शांति एवं संयम के साथ मनाना चाहिये। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी लोग मिल-जुलकर प्रशासन का सहयोग करेंगे और रंका अनुमंडल क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रंगों का पर्व मनाएंगे। पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा ने भी सभी से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में जिला पार्षद उत्तरी के प्रतिनिधि राहुल कुमार तिवारी, प्रमुख लीलावती देवी, झामुमो नेता रौशन पाठक, अनिल कुमार चंद्रवंशी, सुरेश पाण्डेय, शोयब खलीफा, हाजी एकरामुद्दीन, शंकर राम, समाजसेवी किशोर कुमार शौडिंक, मोहित कुमार चौधरी, मुखिया इजहार अंसारी, तमगे पंचायत की मुखिया रिंकी देवी, बाहाहारा पंचायत की मुखिया किरण देवी, पंचायत समिति सदस्य उपेन्द्र भुईयां, समाजसेवी संजय कुमार सिन्हा, छोटू दुबे, भाजपा नेता राजेश कुमार पांडेय उर्फ उत्तम पाण्डेय, हाजी इस्लाम खलीफा, रतन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## होली महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित, एसडीओ ने कहा

# पर्व को शांति व सद्भाव के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी

बंशीधर न्यूज





**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाना परिसर में होली महापर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ प्रभाकर मिर्धा एवं एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से की। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से होली को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उस मौके पर एसडीओ ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और इसे शांति व सद्भाव के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी और किसी भी प्रकार की अफवाह या उकसावे को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एसडीपीओ ने चेतावनी देते हुये कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। भ्रामक पोस्ट या आपत्तिजनक संदेश फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। हुड़दंग, जबरन रंग लगाने या शराब के नशे में उत्पात मचाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। बैठक में लोगों से अपील की गई कि यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि त्योहार के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष गश्ती की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक जितेंद्र आजाद, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा, झामुमो नेता अमर नाथ पाण्डेय, शैलेश चौबे, अशोक सेठ, वीरेंद्र प्रसाद, प्रमोद राम, सदर तौहीद खान, शमीम खान, तस्लीम खान, महमूद आलम सीनियर, कुमार कनिष्क, अमर राम, अश्विनी कुमार, मंटू पाण्डेय, कमलेश मेहता, मुखिया उषा देवी, सिष्टिरानी, बीरेंद्र प्रसाद, राज कुमार राम, राजेंद्र यादव, मनोज ठाकुर, मुस्ताक अहमद शेख सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं ने गुरु सिंधु जलप्रपात में आनंदित होकर लिया प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** आरकेवीएस संस्थान गढ़वा द्वारा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुये एक दिवसीय शैक्षणिक पिकनिक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पिकनिक का उद्देश्य विद्यार्थियों के सामाजिक, मानसिक एवं व्यावहारिक विकास को प्रोत्साहित करना था। पिकनिक का स्थल गुरु सिंधु जलप्रपात निर्धारित किया गया था, जो चिनिया की ओर स्थित एक रमणीय पर्यटन स्थल है। छात्र-छात्राएं कॉलेज की दो बसों से वहां पहुंचे। यात्रा के दौरान संगीत प्रणाली की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे पूरे रास्ते गीत-संगीत और नृत्य का आनंद लिया गया। विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जलप्रपात स्थल पर सभी ने सामूहिक रूप से नाश्ता एवं दोपहर का भोजन किया। चारों ओर फैले पहाड़, स्वच्छ जलधारा और मनमोहक दृश्य ने सभी का मन मोह लिया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कुछ जंगली जीवों को देखा तथा विभिन्न दुर्लभ औषधीय पौधों की जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक चाय के साथ पिकनिक का समापन किया गया। वापसी के दौरान विद्यार्थियों ने चिरका डैम पर भी कुछ समय रुककर वहां के सुंदर दृश्य का आनंद लिया। शांत वातावरण और प्राकृतिक छटा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम संस्थान के निदेशक अलखनाथ पांडेय एवं प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। मौके पर बीएड विभाग के प्राध्यापक सतीश तिवारी, राजन चौबे, बीना तिवारी, रंजना दुबे, रोहित दुबे, मीडिया प्रभारी रौशन दुबे सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## डायट की कार्यशाला

**मेदिनीनगर :** डायट पलामू के तत्वावधान में सकारात्मक विद्यालय निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डायट की प्राचार्या अमृता सिंह ने किया। कार्यशाला में मास्टर प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, अमरेश कुमार सिंह, श्यामलाल उरांव एवं मनोज कुमार ने शिक्षकों के बीच विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन संकाय सदस्य जितेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या अमृता सिंह ने कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में सकारात्मक, सुरक्षित एवं सहयोगात्मक वातावरण का होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षकों के छोटे-छोटे सार्थक प्रयास बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मास्टर प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने कहा कि विद्यालयों में परस्पर सम्मान, विश्वास, सुरक्षा एवं सहयोग का वातावरण बनने से शिक्षण कार्य अधिक प्रभावी होता है। इससे न केवल बच्चे अधिगम से आनंदित होते हैं, बल्कि शिक्षक भी पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य करते हैं। उन्होंने शिक्षक और अभिभावकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव को शिक्षा की निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक बताया। साथ ही कहा कि विद्यालयों में बच्चों की जिज्ञासाओं को खुला आमंत्रण मिलना चाहिए और उन्हें धैर्यपूर्वक शांत किया जाना चाहिए। कार्यशाला में संकाय सदस्य हसन रजा, नूतन कुमारी, प्रेमलता कुमारी एवं शाहिद अनवर सहित नीरज पाण्डेय, रीना प्रेम दूबे, आनंद मोहन सिंह समेत जिले भर से आए 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

**गढ़वा** ▶ **जमीन विवाद में हुई थी हत्या**

# बिजका बाजार हत्याकांड का उद्भेदन, तीन धराये

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के बिजका साप्ताहिक बाजार में बीते 25 फरवरी को हुये दीपक चौधरी हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त दो शूटरों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह पांच एकड़ जमीन का पुराना विवाद बताया जा रहा है। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त भरठुआ बंदूक, दो बाईक और चार मोबाईल फोन बरामद किये गये हैं। अनुसंधान में यह बात सामने आई कि मुख्य आरोपी सूर्यदेव चौधरी और मृतक दीपक चौधरी के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सूर्यदेव ने दीपक के गोतिया से बिना बंटवारे के ही पांच एकड़ जमीन खरीदी थी, जिस पर दीपक और उसके पिता अपना दावा करते थे। इसी विवाद को खत्म करने के लिये सूर्यदेव ने दीपक की हत्या की साजिश रची। उसने शूटरों के साथ एक लाख रुपये में सौदा तय किया था। हत्या के बाद सूर्यदेव ने मुख्य शूटर विजय सिंह को मोबाईल के माध्यम से 20 हजार रुपये का भुगतान भी किया था। पुलिस के अनुसार हत्या से पहले आरोपियों ने कई बार मृतक की रेकी की थी। 25 फरवरी को जब दीपक बिजका बाजार में अपनी दुकान समेट रहा था तभी शूटरों ने मौका पाकर भरठुआ बंदूक से उसे गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गये थे। एसपी के निर्देश पर रंका एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर शूटर विजय सिंह (38), जेठु सिंह (35) और साजिश में शामिल बजरंगी चौधरी (33) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। इस सफल उद्भेदन में रंका एसडीपीओ के अलावा प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, भंडरिया थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान, दिलीप कुमार रंजन, किशोर कुमार सहित कई अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ गढ़वा ग्लोरियस का चार्टर प्रेजेंटेशन समारोह सम्पन्न




**गढ़वा :** अंतर्राष्ट्रीय सेवा संगठन इनर व्हील इंटरनेशनल की प्रेरणा से नवगठित इनर व्हील क्लब ऑफ गढ़वा ग्लोरियस का चार्टर प्रेजेंटेशन समारोह सहिजना मोड़ स्थित श्री गोपाल पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं इनर व्हील प्रार्थना के साथ हुआ। तत्पश्चात क्लब की चार्टर अध्यक्ष दीपाली अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। क्लब की सदस्यों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान क्लब की कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय एवं शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रश्मि गुप्ता ने क्लब को आधिकारिक चार्टर प्रदान करते हुये औपचारिक मान्यता दी। चार्टर अध्यक्ष को कॉलर पहनाया गया तथा क्लब के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारी सदस्यों को पिन प्रदान कर विधिवत पदस्थापित किया गया। मौके पर चार्टर अध्यक्ष दीपाली अग्रवाल ने कहा कि इनर व्हील क्लब का उद्देश्य समाज में सेवा कार्यों के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाना, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी सदस्य मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करेंगे। मुख्य अतिथि ने रश्मि गुप्ता ने कहा कि इनर व्हील विश्व का एक प्रमुख महिला सेवा संगठन है जो मित्रता और सेवा के मूल मंत्र के साथ कार्य करता है। उन्होंने नवगठित क्लब को समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बनने की शुभकामनाएं दीं। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान एवं सामूहिक भोज के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन शोभा कश्यप एवं अर्चना कश्यप ने किया। उपाध्यक्ष विनीता आनंद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। मौके पर सचिव अंकिता अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, श्वेता सोनी, सोनी गुप्ता, ममता कश्यप, प्रीति कश्यप, शालिनी अग्रवाल, खुशबू गुप्ता, डॉ. प्रीति गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, रुचि अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

**संघर्ष से शिखर तक : पलामू की श्वेता पांडेय ने रचा शैक्षिक इतिहास**

# श्वेता पांडेय बनीं पीएचडी धारक

## ग्रामीण बेटियों के लिये बनीं प्रेरणा

**बंशीधर न्यूज**



**विश्रामपुर :** ग्रामीण परिवेश से निकलकर अदम्य परिश्रम, अटूट संकल्प असाधारण प्रतिभा के बल पर नावाबाजार प्रखंड के चचेरिया ग्राम निवासी डॉ श्वेता पांडेय ने राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। उनका शोध विषय न्यायिक सक्रियता का लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रभाव समकालीन भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है। यह शोधकार्य प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ स्वीटी बाला के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। डॉ श्वेता पांडेय बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। आर्थिक अभावों और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने निरंतर सफलता की नई ऊंचाईयां हासिल की। मैट्रिक में विद्यालय टॉपर रहने से लेकर स्नातक, परास्नातक एवं बीएड तक स्वर्ण पदक प्राप्त कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि प्रतिभा परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती। उनकी शैक्षिक उत्कृष्टता को उच्च स्तर पर भी सम्मान मिला है। उन्हें झारखंड की तत्कालीन राज्यपाल एवं वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा झारखंड के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित कई गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में वे उत्क्रमित प्लस उच्च विद्यालय बसना में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी शैक्षिक नेतृत्व क्षमता, अनुशासनप्रियता और प्रशासनिक दक्षता से विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त होने पर उनके पति, जो उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, भंडार के प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं, ने इसे पूरे क्षेत्र के लिये गौरव का क्षण बताया। परिवार, विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है। डॉ श्वेता पांडेय की यह उपलब्धि पूरे पलामू जिले के लिये प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने यह संदेश दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सतत परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी शिखर असंभव नहीं।

## होली और रमजान को शांति और सौहार्द के साथ मनाने पर जोर



**धुरकी :** होली और रमजान पर्व के मद्देनजर धुरकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने की। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराना तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को पहले ही समाप्त करना था। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य नंद गोपाल यादव ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा समाज विविधताओं से भरा है, लेकिन यही विविधता हमारी ताकत भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और बिना सत्यापन के कोई भी संदेश सोशल मीडिया पर साझा न करें। विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव ने कहा कि धुरकी क्षेत्र हमेशा से सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी सहयोग का उदाहरण रहा है। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर रंग-गुलाल का प्रयोग मर्यादित और सभ्य तरीके से किया जाय, ताकि किसी की भावना आहत न हो। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट, आपत्तिजनक टिप्पणी या अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को दें। बैठक के दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि त्योहारों का वास्तविक संदेश प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता है। मौके पर क्षेत्र के मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि, बीडीसी सदस्य, वार्ड सदस्य, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, धर्मगुरु सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## विश्रामपुर थाना के सेवानिवृत्त दो चौकीदारों को दी गई विदाई




**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना में कार्यरत दो चौकीदार भिखारी माझी व परीखा राम सेवानिवृत हो गये। थाना परिसर में रविवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर दोनों चौकीदारों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे व संचालन सामाजिक कार्यकर्ता राजन पांडेय ने किया। पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान सहित सभी पुलिस पदाधिकारी, जवान व स्थानीय लोगों ने बारी-बारी से सेवानिवृत्त हुये भिखारी माझी व परीखा राम को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान ने कहा कि दोनों चौकीदारों ने पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने कहा कि चौकीदार भिखारी माझी व परीखा राम ने सेवाभाव के साथ अपनी ड्यूटी निभाई है, जो दूसरों के लिये प्रेरणादायी है। कार्यक्रम के बाद थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने सेवानिवृत चौकीदार भिखारी माझी व परीखा राम को पूरे सम्मान के साथ अपने वाहन से घर तक पहुंचाया। मौके पर नावाडीह ओपी प्रभारी चंदन कुमार, एसआई शैलश कुमार, एएसआई भगवान सिंह, विनोद कुमार, अखिलेश कुमार, ठाकुर दास महतो, मो आलम शेख, अजय बक्सराय, पंकज कुमार लाल, संजय उपाध्याय, सुरेश पाल, विनोद राम सहित कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

## सिगसिगी. पंकज फिर अध्यक्ष बने



**विश्रामपुर :** प्रखंड के सिगसिगी गांव के बाजार परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। शिवनाथ चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन अनुज कुमार चौधरी ने किया। बैठक में रामनवमी पूजा को इसबार भी धूमधाम से मनाने एवं शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। रामनवमी पूजा के सफल आयोजन एवं संचालन के लिये कमेटी गठित की गई। जिसमें सर्वसमस्ती से पंकज कुमार कुशवाहा को चौथी बार पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि अनुज कुमार चौधरी को चौथी बार सचिव बनाया गया। वहीं राहुल गुप्ता को कोषाध्यक्ष व अजय बारी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। राजमुनि चौधरी, मधु तिवारी, संतोष गुप्ता, प्रवीण गुप्ता उपाध्यक्ष चुने गये और दिनेश गुप्ता (बब्लू), अखिलेश शर्मा सह सचिव, राजकुमार चौधरी को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रबंध समिति सदस्य हरिनाथ प्रसाद चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी, रमेश चौधरी, सुरेंद्र मेहता, अर्जुन साह, सुरेन्द्र मेहता, शिवकुमार मेहता, गोपीनाथ विश्वकर्मा, मुद्रिका चौधरी, विनोद चौधरी, रामनिवास तिवारी, रामाशीष चौधरी, अरुण सोनी, कार्यकारी सदस्य श्याम सोनी, प्रभात कुमार, विजय गुप्ता, रंजन कुमार, छोटू शर्मा, ईश्वर चौधरी, महेंद्र चौधरी, जितेंद्र माली, दशरथ राम, छठन मेहता, अभय गुप्ता, मनोज गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा सहित 101 युवाओं को रखा गया है।




## 'द केरला स्टोरी- गोज बियॉन्ड : एक कथानक जो हमें स्त्री विमर्श के लिए प्रेरित करता है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

रिलीज से ठीक पहले बड़ा न्यायिक हस्तक्षेप और फिर बैन के बाद जैसे आशा की एक किरण दिखाई दी, ये परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि केरल उच्च न्यायालय में फिल्म ह्यद केरल स्टोरी 2- गोज बियॉन्डह्न की रिलीज पर लगी 15 दिन की रोक को स्थगित कर दिया, इसी के साथ देश भर के सिनेमा घरों में ये फिल्म प्रदर्शित कर दी गई। दरअसल, आज जब हम 'द केरला स्टोरी 2- गोज बियॉन्ड' को देखते हैं, तब समझ आता है कि फिल्म केरल की सीमाओं को तोड़कर राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों तक फैली साजिश को उजागर कर रही है और भारत के गैर मुस्लिम समाज को चेतावनी दे रही है कि सचेत और सावधान रहें। वस्तुत: केरला स्टोरी-2 पूर्व में आई फिल्म के संदर्भ में इस बात को रेखांकित करती है कि यह लव जिहाद, इस्लामिक स्टेट, गजबा-ए-हिंद की सोच देश भर में अनवरत चल रही है, जिस पर सभ्य समाज और भारत को भारत बने रहने के लिए रोक लगाना जरूरी है। फिल्म में दिखाई गई तीन हिंदू युवतियां स्कॉलर सुरेखा नायर (केरल), ओलंपिक एथलीट नेहा (मध्य प्रदेश) और डांसर दिव्या पालीवाल (राजस्थान) अपने सपनों की उड़ान भर रही होती हैं। लेकिन मुस्लिम पुरुषों सलीम, फैजान और रशीद के प्रेम के जाल में फंसकर वे बुर्के की कैद में सपनों को चकनाचूर होते देखती हैं। फिल्म के कथानक और संवाद की अच्छी बात यह है कि सभी मुसलमानों को एक तराजू में नहीं तोला गया, पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से लेकर हर उस मुसलमान की प्रशंसा की गई है जो देशभक्त है। इसके लिए फिल्म की तीन केरेक्टर जिसमें कि एक केरल से है, कहती भी है, देश में हम जैसी तमाम लड़किया तुम जैसे मुसलमानों के जाल में इसलिए फंस जाती हैं, क्योंकि हमारे सामने देशभक्त मुसलमानों की छवि सामने रहती है। यहां वह तमाम मुस्लिम देशभक्तों के नाम गिनाती है। इसलिए ये फिल्म किसी मुसलमान के खिलाफ नहीं, वास्तव में उस सोच के खिलाफ है, जोकि भारत को 2047 तक मुस्लिम राज्य के रूप में देखना चाहती है। इसमें दशार्यी गई राजस्थान की कहानी एक 16 साल की नाबालिग हिंदू लड़की की है जिसे जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है, जिसके बाद उसका परिवार पुलिस में मामला दर्ज कराता है। कार्रवाई शुरू में नहीं होती। लड़की जब अपना प्रताड़ना से जुड़ा वीडियो बनाकर अपनी मां को भेजती है, तब उसके इस्लामिक लवजिहादी को ये पता चल जाता है और वह उसे मार देता है, फिर उसके छोटे-छोटे टुकड़े कर देता है। मध्य प्रदेश की कहानी में एक युवती जोकि प्यार और शादी के झांसे में आकर अपनी पहचान खो देती है। लव जिहादी अपने नाम की पहचान छिपाकर हिन्दू बनकर प्यार का नाटक करता है और बाद में उसे धर्म बदलने के लिए मजबूर किया जाता है। इस्लामिक लोग उसका हिन्दू होने के नाते बार-बार रेप करते हैं, उस पर हिंसा करते हैं। वस्तुत: ये कहानी एक दलित समाज से जुड़ी है। यहां तीसरी कहानी में केरल है। एक मुस्लिम युवक जोकि पत्रकार भी है और हिंदू युवती जोकि यूपीएससी की तैयारी कर रही है के बीच 'लिव-इन रिलेशनशिप' और उसके बाद धर्म बदलने के दबाव के कारण पैदा हुए तनाव को दिखाया गया है। जिसमें कि लड़की को इस्लाम कबूल करने के लिए इतना दबाव बनाया जाता है कि उसे गाय का मांस तक खिलाया जाता है, तब भी लड़की नहीं मानती, वह कन्वर्जन के लिए तैयार नहीं होती, उसे अपने हिन्दू होने पर गर्व होता है और अपनी अंतिम इच्छा मरने के बाद दाह संस्कार की वह व्यक्त करती है। फिल्म की तरह हमारे आसपास गहराई से देखें, कभी लखनऊ में एनजीओ संचालिका को फतवा जारी कर धमकाया गया। भोपाल में एक विधवा महिला से हिंदू बनकर दोस्ती की, दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया, बच्चे के जन्म के बाद धर्म (मजहब) बदलने को मजबूर किया। गुरुग्राम में फर्जी पहचान से शादी रचाई, फिर मारपीट-धमकी देकर जबरन इस्लाम कबूल करवाया। बस्ती में अजफरुल हक उर्फ प्रिंस ने 100+ युवतियों के साथ नाम बदलकर और कलावा पहनकर धोखा किया, वीडियो बनाकर देह व्यापार में धकेला, नेपाल तक बेचा। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ में हिंदू रेजिडेंट डॉक्टर को प्रेम जाल में फंसाया, शारीरिक शोषण कर धर्म बदलने का दबाव डाला, इनकार पर डिप्रेशन में सुसाइड की कोशिश जैसी देश भर में अनेक दर्दनाक घटनाएं हर रोज बड़ी संख्या में घट रही हैं। कहना होगा कि यह दर्दभरी कहानियां सनातन धर्म पर पल-पल होता सुनियोजित इस्लामिक हमला है। हिंदू लड़कियां अपनी पहचान खो रही हैं, परिवार बिखर रहे हैं, समाज में डर फैल रहा है। सरकारें कानून बना रही हैं, लेकिन जागरूकता! उस स्तर पर कहीं नहीं दिखाई दे रही, जिसकी कि आज दरकार है!

## पीएम मोदी ने तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया शुभारंभ, तिरुपरंकुंद्रम मुरुगन मंदिर में किए दर्शन



# मध्य विद्यालय रक्सा में विदाई समारोह

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** सहायक अध्यापक संघ प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रक्सा में रविवार को सेवानिवृत्त हुये सहायक अध्यापकों के विदाई, सहायक अध्यापक से सहायक आचार्य बने शिक्षकों के सम्मान तथा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक अध्यापक से सहायक आचार्य बने तथा सेवानिवृत्त हुये सहायक अध्यापकों को माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संघ की एकता व संघर्ष के कारण ही आज सहायक अध्यापक से सहायक आचार्य बनने का अवसर मिला। वक्ताओं ने संघ की मजबूती पर बल दिया। सेवानिवृत्त हुये अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, विनोद ठाकुर व बिनोद महतो के कार्यो की प्रशंसा करते हुये वक्ताओं ने कहा कि संघ को मजबूत करने व संघर्षो में इनका काफी योगदान रहा है। संघ उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना करता है। समारोह को संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप देव, सचिव ह्रदया प्रसाद गुप्ता, आशिष कुमार, अलीम अंसारी, गोविंद सिंह, अशोक ठाकुर आदि ने सम्बोधित किया। वहीं सेवानिवृत्त हुये सहायक अध्यापक विनोद ठाकुर, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा व विनोद महतो ने उपस्थित सहायक अध्यापकों को भरोसा दिलाया कि हर कदम पर हमसब आप सबों के साथ हैं। इसके बाद संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। विदाई सह सम्मान समारोह के बाद उपस्थित शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया तथा सांस्कृतिक टीम द्वारा प्रस्तुत होली गीतों का आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव ह्रदया प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर अनूप कुमार ठाकुर, गोविन्द सिंह, रूबी कुमारी, अभय रवानी, राधा प्रसाद यादव, ऋषिकांत गुप्ता, राजेश कुमार मेहता, अलीम अंसारी, सत्यदेव कुमार, अरविन्द कुमार ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, प्रवीण शुक्ल, कृष्णा प्रसाद, नंदू सिंह, श्रीकेश्वर निराला, अजय कुमार, लखन पाल, उस्मान अंसारी, अफसर खान, जगरनाथ राम, रामगृही पाल सहित बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर में रचा इतिहास. घुटना बोन कैंसर की जटिल सर्जरी सफल



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय सिटी मेदिनीनगर स्थित श्री नारायण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सा क्षेत्र की एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई है। घुटना के बोन कैंसर से जूझ रही एक महिला मरीज का अत्याधुनिक तकनीक से सफल ऑपरेशन कर उसे पूरी तरह स्वस्थ किया गया। संभवत: यह झारखंड का पहला मामला है, जिसमें पलामू जैसे जिले में इतनी जटिल बोन कैंसर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यह जटिल सर्जरी प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल अग्रवाल के नेतृत्व में की गई। मरीज विश्रामपुर प्रखंड के पांडेयपुर क्षेत्र की 40 वर्षीय महिला है, जो पिछले दो माह से इलाजरत थी। आवश्यक जांच एवं दवा उपचार के बाद 27 फरवरी को ऑपरेशन किया गया। इस दौरान कैंसर से ग्रसित लगभग 15 सेंटीमीटर हड्डी को काटकर अलग किया गया और उसकी जगह आधुनिक कृत्रिम अंग (इम्प्लांट) लगाया गया। डॉ. राहुल अग्रवाल ने बताया कि ऑपरेशन में करीब 3 से 4 घंटे का समय लगा। सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि सर्जरी के महज 24 घंटे के भीतर ही मरीज को चलने लायक बना दिया गया और वह अपने पैरों पर चलने लगी। फिलहाल मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और तेजी से रिकवरी कर रही है। इस सफल ऑपरेशन टीम में दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक वर्मा, डॉ थान, एनेस्थीसिया सहायक राजेश पाल, मनोज यादव सहित अन्य प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ शामिल थे। पूरी टीम ने समन्वित प्रयास से इस जटिल सर्जरी को सफल बनाया। मरीज के परिजनों ने बताया कि महानगरों में इलाज कराने पर यात्रा, ठहराव और अत्यधिक खर्च के कारण भारी आर्थिक बोझ पड़ता, लेकिन पलामू में ही कम खर्च में विश्वस्तरीय इलाज उपलब्ध होने से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन एवं पूरी मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया। चकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफलता न केवल पलामू, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। इससे क्षेत्र में उन्नत चिकित्सा सेवाओं के विस्तार का नया मार्ग प्रशस्त होगा और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को अपने जिले में ही बेहतर इलाज मिला।

## होली पर हुड़दंगियों पर सख्ती के संकेत, एसपी ने जारी की एडवाइजरी



**मेदिनीनगर :** एसपी रिष्मा रमेशन ने कहा कि होली पर्व को लेकर पलामू पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने जिले में शांति, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से आमजनों से अपील की है कि वे त्योहार को संयम, मयार्दा और आपसी सम्मान के साथ मनाएं। एसपी ने कहा कि होली खुशियों, उल्लास और आपसी प्रेम का पर्व है। इसे सामाजिक सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी पर जबरन रंग डालना, अभद्र व्यवहार करना, हुड़दंग मचाना अथवा शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज गति से वाहन चलाने, स्टंट करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर उपद्रव करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।एसपी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों से दूर रहें और किसी भी भ्रामक सूचना को न तो फैलाएं और न ही उस पर विश्वास करें। किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल 112 या नजदीकी थाना को दें। उन्होंने बताया कि होली को लेकर जिलेभर में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष बल की तैनाती की गई है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

# नवाचार से ही बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी: अविनाश

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी सह नवाचार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश देव शामिल हुए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने उन्हें मोमेंटो एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जहां विज्ञान एवं इंजीनियरिंग प्रदर्शनी, इनोवेशन मॉडल और शोध-आधारित प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गईं। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ-साथ निकटवर्ती विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की और अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अविनाश देव ने कहा कि नवाचार और अनुसंधान आधारित शिक्षा से ही



बच्चों में विज्ञान के प्रति वास्तविक रुचि विकसित होती है। उन्होंने कहा कि जिन देशों ने तकनीकी क्षेत्र में प्रगति की है, वहां सरकार और संस्थान राष्ट्रहित की भावना से शोध पर निवेश करते हैं, जबकि भारत में पर्याप्त प्रोत्साहन के अभाव में प्रतिभा पलायन जैसी समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, पलामू के सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देश-दुनिया की प्रयोगशालाओं में शोध के लिए आगे आएं और भारत का परचम विश्व स्तर पर लहराएं। कार्यक्रम के आयोजन में इंजीनियर केतन राज मेहता एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकगण, विद्यार्थी, तकनीकी विशेषज्ञ, आयोजन समिति के सदस्य एवं आसपास के विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण विज्ञान, नवाचार और उत्साह से परिपूर्ण रहा।

### समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना हमारा संकल्प: सुरेश जैन

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 390 मरीजों की जांच, दवा वितरण

**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन के तत्वावधान में चैनपुर प्रखंड के कंकारी स्थित सेवा सदन परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 390 मरीजों की विभिन्न रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई तथा परामर्श के उपरांत नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिविर में डॉ डीपी केशरी, डॉ रिशिता सिंह, डॉ साधना जयसवाल, डॉ मोहित कुमार एवं दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अभिषेक सिंह ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों की टीम ने सामान्य रोग, महिला रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार



एवं परामर्श प्रदान किया। जरूरत के अनुसार खून की जांच कराकर मरीजों को नि:शुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई। सेवा सदन के महासचिव सुरेश कुमार जैन ने कहा कि मौसम परिवर्तन के साथ अनेक प्रकार की बीमारियां फैलती हैं, लेकिन आर्थिक अभाव के कारण गरीब एवं असहाय लोग समय पर चिकित्सकीय सलाह और इलाज नहीं करा पाते। इसी सामाजिक दायित्व को ध्यान में रखते हुए सेवा सदन प्रबंधन द्वारा कंकारी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य और संकल्प है। संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य ने कहा कि सेवा सदन द्वारा नियमित अंतराल पर इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं। भविष्य में भी इस तरह के शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे। शिविर को सफल बनाने में ब्रजेश तिवारी, सुरेश उदयपुरी, अनुपम तुल्सयान के अलावा सेवा सदन की ओर से देवाशीष कुमार राय, सुनील कुमार जायसवाल, रामानंदन, संतोष कुमार, कन्हाई, राहुल कुमार, सूरज कुमार, राजू कुमार, जसिता, अनिता देवी, अंजू देवी, पम्मी कुमारी, पूनम कुमारी, ललिता कुमारी, अनीता देवी सहित अनेक लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)